नरेंद्र चंचल के भजनों पर झूमे श्रोता

भास्कर न्यूज . राई

फोटो : भास्कर



राई. टीडीआई सिटी में भजन प्रस्तुत करते देश के प्रसिद्ध भजन गायक नरेंद्र चंचल।

कुंडली स्थित टीडीआई सिटी में रविवार शाम को माता की चौकी का आयोजन किया गया। देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक नरेंद्र चंचल ने माता रानी के मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में देश भर से करीब दो हजार श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद उठाया।

दोपहर को टीडीआई ग्रुप के एमडी डीएन तनेजा, कमल तनेजा ने माता की चौकी का उदघाटन किया। एमडी डीएन तनेजा ने जब माता की ज्योति को प्रचंड किया तो पंडाल माता के जयकारों से गूंज उठा। भजन सम्राट नरेंद्र चंचल ने महामाई के सुंदर एवं रसीले भजनों से श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। श्रद्धा से ओतप्रोत इस भक्तिमय कार्यक्रम में दिल को छू लेने वाले माता के भजनों से पूरा वातावरण भक्ति रस से विभोर हो गया। जीएम के मार्केटिंग रीतेश विझानी एवं कंपनी जनसंपर्क अधिकारी कल्पना गौतम ने कहा कि टीडीआई के निवेशक, बिजनेस एसोसिएट्स सभी परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि कुंडली में कंपनी का लगभग 15 सौ एकड़ में टीडीआई सिटी बसी हुई है। सिटी में रिहायशी, कमर्शियल और शापिंग माल , क्लब, मनोरंजन, अस्पताल तथा नर्सिंग होम के अलावा अन्य सुविधाएं दी गई हैं। इस मौके पर कंपनी जनसंपर्क अधिकारी कल्पना गौतम भी मौजूद थी।